भारत रतन सरदार वल्लभ भाई पटेल राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बस्ती

" उत्तर प्रदेश विकीसित, उत्तर प्रदेश @2047"

मीडिया रिपोर्ट

तिथि:09 सितम्बर 2025

भारत रत्न सरदार वल्लभभाई पटेल राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज , बस्ती में "**समर्थ उत्तर प्रदेश – विकसित उत्तर प्रदेश**" विषय पर एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईएएस अधिकारी **श्री ओ. एन. सिंह** रहे।

विशिष्ट अतिथियों में वरिष्ठ कर्नल **श्री के. सी. मिश्रा**, वरिष्ठ प्राध्यापक **श्री आर. एन. ओझा**, वरिष्ठ वैज्ञानिक **श्री वी. पी. शाही** तथा **श्री संजय कुमार श्रीवास्तव** सम्मिलित हुए।



कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत से हुआ। मंचासीन अतिथियों ने **मिशन 2047 शताब्दी वर्ष** और **विकसित भारत – विकसित उत्तर प्रदेश** पर अपने विचार रखते हुए कहा कि राज्य को तकनीकी, कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य आगामी वर्षों में साकार किया जाएगा।

सत्र के दौरान विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों ने प्रदेश के विकास हेतु कई सुझाव प्रस्तुत किए, जिनमें प्रमुख रूप से—

9/09/2025

9/09/2025

- बाढ़ की समस्या का स्थायी समाधान,
- प्राथमिक विद्यालयों के स्तर में सुधार ताकि अभिभावक निजी विद्यालयों की अपेक्षा प्राथमिक विद्यालयों को प्राथमिकता दें,
- तकनीकी शिक्षा में नई शाखाएँ जैसे **एयरोस्पेस इंजीनियरिंग** का समावेश,
- कॉलेज परिसर और आसपास **स्ट्रीट लाइट व ट्रैफिक प्रबंधन** की व्यवस्था,
- बस्ती में **स्थानीय परिवहन की सुविधा** और **अस्पतालों की सफाई व्यवस्था** में सुधार,
- तथा पूर्वांचल क्षेत्र में **औद्योगिक विकास** की आवश्यकता।8

09/09/2025

09/09/2025





"इस कार्यक्रम के माध्यम से मिशन 2047 का सामूहिक संकल्प लिया गया, जिससे एक विकसित और सशक्त उत्तर प्रदेश के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो सके।"

09/09/2025

09/09/2025